भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या: 256

गुरूवार, 8 दिसम्बर, 2022/ 17 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई यात्रा के दौरान क्षेत्रीय भाषा को बढावा देना

256. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विमानपत्तनों पर प्रस्थान और आगमन की घोषणा के साथ-साथ उडान के दौरान घोषणा केवल हिंदी और अंग्रेजी में की जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को यह भी पता है कि अधिकांश भारतीय यात्री जो घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय मार्गों का उपयोग करते हैं, वे अंग्रेजी और हिंदी की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा की अधिक समझ रखते हैं; और

(ग) क्या सरकार को ऐसे यात्रियों के लिए जो अंग्रेजी या हिंदी नहीं जानते हैं, इन घोषणाओं को क्षेत्रीय भाषाओं में करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (घ) : हवाईअड्डों पर प्रस्थान एवं आगमन की घोषणा का प्रबंधन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा स्थानीय भाषा के साथ साथ हिन्दी एवं अंग्रेजी में किया जाता है। मैसर्स स्पाइसजेट, मैसर्स एयर एशिया एवं मैसर्स इंडिगो जैसी विभिन्न एयरलाइनें हिन्दी तथा अंग्रेजी के अलावा क्षेत्रीय भाषा में भी घोषणाएं करती हैं। नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा प्रचालनों की संरक्षा अथवा कर्मी दल सदस्यों के प्रमुख कार्यों से किसी प्रकार का समझौता किए बिना, उड़ान के दौरान की जाने वाली घोषणाएं अंग्रेजी तथा हिन्दी के अलावा जहां तक संभव हो स्थानीय भाषा में किए जाने के संबंध में समय समय पर परामर्श जारी किए जाते हैं।